ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 57 ]
Total No. of Questions : 57 ]

**D**

**CCE PR**
**UNREVISED**

Question Paper Serial No. **41**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H**
**Code No. : 85-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ
# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**
**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**
**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 23. 09. 2020 ] [ Date : 23. 09. 2020
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 57 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

I. **निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।**

10 × 1 = 10

1. ''मैसूर राज्य'' को कर्नाटक के रूप में ................ वर्ष में पुनः नामित किया गया ।

   (A) 1973 (B) 1963

   (C) 1953 (D) 1956.

2. सोवियत रूस की सहायता से भारत में .................... उद्योग की स्थापना की गई ।

   (A) चीनी (B) उर्वरक

   (C) कागज (D) लोहा एवं इस्पात ।

3. संयुक्त राष्ट्रसंघ की महासभा को विश्व संसद के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यह

   (A) मानवाधिकार का समर्थन करता है

   (B) प्रजातीय भेदभाव के विरुद्ध लड़ता है

   (C) संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों से बना है

   (D) अविकसित देशों के कल्याण के लिए कार्य करता है ।

4. अस्पृश्यता की प्रथा में कमी आने का कारण है

   (A) रोजगार के अवसर में वृद्धि

   (B) साक्षरता में वृद्धि

   (C) अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ

   (D) अच्छी परिवहन व्यवस्था ।

5. उत्तर भारतीय मैदानी क्षेत्र का तापमान दक्षिण भारत से अधिक होने का कारण है

(A) समतल भूमि (B) कम वर्षा होना

(C) समुद्र से दूरी (D) मरुस्थलीय मृदा क्षेत्र ।

6. कृष्णा नदी पर निर्मित अलामती बाँध नाम ............... के अनुसार दिया गया है ।

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) मोरारजी देशाई

(C) चरण सिंह (D) लाल बहादूर शास्त्री ।

7. हमारे संविधान में 'धर्मनिरपेक्ष' तथा 'समाजवादी' शब्द किस संशोधन में जोड़ा गया है ?

(A) 52 वां (B) 42 वां

(C) 22 वां (D) 26 वां ।

8. अप्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण है

(A) व्यक्तिगत आय कर (B) संपत्ति कर

(C) कारपोरेट कर (D) सेवा कर ।

9. भविष्य के लिए बचत के उद्देश्य से खोला जाने वाला बैंक खाता है

(A) आवर्ती जमा खाता (B) चालू खाता

(C) बचत बैंक खाता (D) सावधि जमा खाता ।

10. विप्रो टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष हैं

(A) धीरुभाई अम्बानी (B) एकता कपूर

(C) अजीम प्रेमजी (D) वर्गीस कुरियन ।

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** 14 × 1 = 14

11. इतिहासकार साधारण लोगों के जीवन का वर्णन किस तरह करते हैं ?
12. पेशवा बाजीराव द्वितीय को किस कारण सहायक संधि मानना पड़ा ?
13. हिटलर ने 'ब्राउन शर्ट' का गठन क्यों किया ?
14. 'सर्व शिक्षा आभियान' के उद्देश्य की पूर्ति कैसे हो सकती है ?
15. वैध उपायों के सिवाय दहेज प्रथा का उन्मूलन कैसे कर सकते हैं ?
16. मुम्बई को भारत का 'मैनचेस्टर' क्यों कहा जाता है ?
17. मिश्रित कृषि क्या है ?
18. कृषि उद्योगों को कैसे मदद करता है ?
19. किसी देश के विकास को राष्ट्रीय आय के साथ मापना अनुचित है । क्यों ?
20. प्रति व्यक्ति आय की गणना कैसे की जाती है ?
21. हमारे संविधान के 24 वें अनुच्छेद में बाल श्रम के बारे में उद्योगों को सावधान कैसे किया गया है ?
22. हमारे अभ्रक के निर्यात क्यों कम हो गया है ?
23. यूनिसेफ की स्थापना क्यों की गई ?
24. उद्यमी कौन होता है ?

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दो से चार वाक्यों में दें :** 25 × 2 = 50

25. प्लासी के युद्ध के क्या परिणाम हुए ?
26. तृतीय एंग्लो-मैसूर युद्ध के बाद टीपू ने ब्रिटिश के खिलाफ स्वयं को लड़ने के लिए कैसे तैयार किया ?
27. ज्योतिबा फूले के सुधारों का उल्लेख करें ।

28. रूसी विद्रोह के क्या कारण थे ?

**अथवा**

प्रथम विश्व युद्ध के क्या कारण थे ?

29. मुनाफाखोरी रोकने के लिए उपचारी उपाय क्या हैं ?

30. कैगा के विरुद्ध आन्दोलन क्यों किया गया था ?

31. मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा क्या निषेध करता है ?

32. प्रायद्वीपीय पठार के आर्थिक महत्व के बारे में लिखें ।

33. मृदा अपरदन के कारण क्या हैं ?

34. वनों के संरक्षण की विधियाँ क्या हैं ?

35. रिमोट सेंसिंग तकनीकी बहुत लाभदायक होता है । कैसे ?

36. भूस्खलन के प्रभाव क्या होते हैं ?

37. मानव स्थानांतरण को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है ?

38. पंचवर्षीय योजनाओं की उपलब्धियाँ क्या हैं ?

39. भूमंडलीकरण के कारण पर्यावरणीय निम्नीकरण कैसे होता है ?

40. समुद्र-यात्रा में नाविक की सहायता करने वाले वैज्ञानिक उपकरणों के नाम बताएँ ।

41. रेगुलेटिंग एक्ट के प्रमुख लक्षण क्या थे ?

42. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के तात्कालिक कारण का वर्णन करें ।

43. आर्थिक असमानता का उन्मूलन हेतु क्या उपाय किये जा सकते हैं ?

44. आज विश्व में निःशस्त्रीकरण की आवश्यकता है । क्यों ?

45. श्रम विभाजन के लाभ क्या हैं ?

46. भारतीय कृषि को 'मॉनसून के साथ जुआ' क्यों कहा जाता है ?

47. अपरंपरागत ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता है । क्यों ?

48. आजकल कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली समस्याओं के उपचार क्या है ?

49. स्वरोजगार उद्यम को प्रारंभ करने में सहायक वित्तीय संस्थाओं के नाम बताएँ ।

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों में दीजिए :** 6 × 3 = 18

50. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के लिए भारत में आर्थिक परिवर्तन उत्तरदायी थे । कैसे ?

**अथवा**

शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजों ने कैसे परिवर्तन लाया ?

51. भारतीय विदेश नीति के उद्देश्यों का वर्णन करें ।

**अथवा**

प्रजातांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत तथा संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के संबंध का वर्णन करें ।

52. अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए किये गये संवैधानिक तथा वैध उपायों का वर्णन करें ।

**अथवा**

असंगठित श्रमिकों की समस्याओं का वर्णन करें ।

53. किसी देश के आर्थिक विकास में सड़क परिवहन की भूमिका क्या है ?

**अथवा**

उद्योगों के स्थानीकरण को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं ?

54. स्वच्छ तथा प्रगतिशील समाज का निर्माण में महिला स्वयं सहायता समूह कैसे योगदान करता है ?

**अथवा**

सरकार कर रहित राजस्व कैसे प्राप्त करता है ?

55. बैंकों के कार्यों का वर्णन करें ।

**अथवा**

बीमा के महत्व का वर्णन करें ।

V. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर आठ से दस वाक्यों में दीजिए :** 4

56. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका का वर्णन करें ।

VI. 57. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** $1 + 3 = 4$

a) $23\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तरी अक्षांश

b) उत्तर भारतीय मैदानी क्षेत्र

c) बाम्बे हाई ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 57 के बदले में )**

भारतीयों के जीवन में हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4